

# अखंड भारत समाचार




पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए रविवार, 14 जून 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

# हमले के डर से ईरान ने 500 किलो बम ग्रेड यूरेनियम को छिपा दिया, अब उसे निकालना लगभग नामुमकिन

अमेरिकी हमलों के डर से ईरान ने परमाणु ठिकानों की सुरंगों को ढहा दिया. वहां बारूदी सुरंगें बिछाकर आधा टन बम ग्रेड यूरेनियम को पूरी तरह सील कर दिया है. इससे अमेरिका से डील बेहद जटिल हो गई है. अमेरिकी खुफिया विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि ईरान ने हाल के हफ्तों में अपने बम बनाने योग्य यूरेनियम के विशाल भंडार को पूरी तरह से सील करने के लिए आक्रामक कदम उठाए हैं. ईरान ने जानबूझकर उन भूमिगत सुरंगों को ढहा दिया है जहां यह यूरेनियम रखा था. उनके प्रवेश द्वारों पर बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं.



ईरान ने यह कदम तब उठाया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी सेना को इस यूरेनियम को जब्त करने का आदेश दिए जाने की अटकलें तेज थीं. ईरान की इस सैन्य घेराबंदी ने अब अमेरिका और ईरान के बीच चल रही परमाणु वार्ताओं को एक बेहद पेचीदा मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है. पिछले कुछ महीनों से दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से संकेत दिए थे कि अमेरिकी सेना ईरान के परमाणु ठिकानों पर कार्रवाई करके इस यूरेनियम भंडार को अपने कब्जे में ले सकती है. अमेरिका का मुख्य उद्देश्य इस सामग्री को जब्त करना है ताकि ईरान परमाणु हथियार न बना सके.

# आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका

युवा संकल्प : विकसित भारत 2047 का निर्माण

भारत आज एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वर्ष 2047 में जब हमारा देश स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब हमारा लक्ष्य केवल एक विकसित अर्थव्यवस्था बनना नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसा राष्ट्र बनना चाहिए जो ज्ञान, विज्ञान, संस्कृति, नैतिकता और मानवता के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन करे।

इस महान लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे बड़ी शक्ति भारत के युवा हैं। आज देश की लगभग आधी आबादी युवा है। यदि यह युवा शक्ति सही दिशा, मजबूत संकल्प और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़े, तो विकसित भारत 2047 का सपना निश्चित रूप से साकार होगा।

युवा संकल्प का अर्थ केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करना नहीं है। इसका अर्थ है—अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास के लिए करना। आज आवश्यकता ऐसे युवाओं की है जो शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारी भी हों, जो रोजगार खोजने के साथ रोजगार पैदा करने की सोच रखें, जो तकनीक और नवाचार को अपनाएं तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानें।

आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छ भारत, डिजिटल भारत और विकसित भारत जैसे राष्ट्रीय अभियानों की सफलता तभी संभव है जब युवा इन अभियानों को अपना व्यक्तिगत दायित्व समझें। हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम जाति, भाषा, क्षेत्र और संकीर्ण सोच से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करेंगे।

महान विचारक आचार्य चाणक्य ने कहा था कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति उसके जागरूक और चरित्रवान नागरिक होते हैं। वहीं स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को राष्ट्र की शक्ति बताते हुए कहा था—"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।"

आज समय आ गया है कि भारत का प्रत्येक युवा यह संकल्प ले—
मैं शिक्षित बनूंगा,
मैं कौशल विकसित करूंगा,
मैं समाज की सेवा करूंगा,
मैं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखूंगा,
और विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाऊंगा।

आइए, हम सब मिलकर ऐसा भारत बनाएं जो समृद्ध हो, आत्मनिर्भर हो, सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली हो और विश्व में सम्मान के साथ नेतृत्व करे।

युवा जागेगा, तभी भारत आगे बढ़ेगा।

— सुश्री सुषमा
संस्थापक एवं अध्यक्ष
अखंड भारत सेना



### ईरान ने बहरीन-कुवैत में तबाह किए अमेरिका के रडार, सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा




IRIB ने सैटेलाइट तस्वीरें साझा कर बताया कि ईरानी मिसाइलों ने कुछ दिन पहले बहरीन के माउंट अल-दुखान पर रणनीतिक रूप से तैनात अमेरिकी सेना के TPS-59 अर्ली वार्निंग रडार और कुवैत के अली अल-सालेम में स्थित एएसआर-1000 (ASR-1000) रडार को अपने सटीक हमलों से पूरी तरह कर दिया है. अमेरिका-ईरान के बीच होने वाली पीस डील से पहले आईआरआईबी ने बहरीन के माउंट अल-दुखान पर स्थित अमेरिकी रडार सिस्टम की सैटेलाइट तस्वीरें जारी कर तनाव को बढ़ा दिया है. इन तस्वीरों में अमेरिकी रडार सिस्टम हमले के बाद तबाह नजर आ रहा है.

इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग ने सैटेलाइट तस्वीर साझा कर बताया कि कुछ दिनों पहले ईरानी मिसाइलों ने बहरीन स्थित अमेरिकी रडार सिस्टम को निशाना बनाया. इस हमले में माउंट अल-दुखान पर रणनीतिक रूप से तैनात अमेरिकी सेना के टीपीएस-59 (TPS-59) अर्ली वार्निंग रडार पूरी तरह तबाह हो गया है.

## Iran US deal: 'फिर डील ही नहीं होगी', ईरान से समझौते पर ट्रंप ने नेतन्याहू को दिया बड़ा भरोसा, नाराज होगा तेहरान!



Iran US deal: डोनाल्ड ट्रंप ने बेंजामिन नेतन्याहू को भरोसा दिलाया है कि ईरान के साथ किसी भी समझौते में तेहरान की मिसाइल क्षमताओं और हिजबुल्लाह को समर्थन पर रोक की शर्तें शामिल होंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भरोसा दिलाया है कि ईरान के साथ समझौते में उनकी चिंताओं का ध्यान रखा जाएगा। ट्रंप ने नेतन्याहू से ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम, मिसाइल क्षमताओं और लेबनान में हिजबुल्लाह को समर्थन जैसे मुद्दे सुलझाने का वादा किया है। इजरायल इन सभी मामलों को अपनी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कहता रहा है। ये जानकारी ऐसे समय आई है, जब ईरान और अमेरिका शांति समझौता करने के बेहद करीब हैं। एक सूत्र के अनुसार, अगर शुरुआती समझ के बाद तेहरान के साथ बातचीत नाकाम रहती है और ईरान अपनी सैन्य गतिविधियां जारी रखता है तो फिर ट्रंप प्रशासन इजरायल को ज्यादा अहमियत देगा। ऐसे में वॉशिंगटन में राजनयिकों के एजेंडे में तेहरान में सत्ता परिवर्तन का मुद्दा शामिल किया जाएगा, जो नेतन्याहू की इच्छा रही है।

# PM Modi France Visit LIVE: फ्रांस में पीएम मोदी और मैक्रों की कूटनीतिक झप्पी, भारत के डीप-टेक स्टार्टअप्स को मिलेगी नई उड़ान



PM Modi France Visit LIVE: फ्रांस के नीस में भारत इनोवेट्स 2026 के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत की तकनीकी और रणनीतिक ताकत को दुनिया के सामने रखा. उन्होंने कहा कि आज इनोवेशन भारत के डीएनए में है और यह मंच हमारे जवानों के इनोवेशन को वैश्विक स्तर पर लाने का जरिया है. पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि आज दुनिया को ट्रस्टेड, ह्यूमन-सेंट्रिक और इंक्लूसिव तकनीक की जरूरत है और भारत का एआई विजन इसी 'एआई फॉर ऑल' के सिद्धांत पर काम करता है. किसी भी तकनीक की महानता उसके वैल्यूएशन से नहीं बल्कि मानवीय प्रभाव से तय होती है. उन्होंने बताया कि न्यूक्लियर एनर्जी क्षेत्र में हालिया ऐतिहासिक रिफॉर्म्स से क्लीन एनर्जी में नई संभावनाएं खुली हैं. भारत अब सिर्फ तकनीक का कंज्यूमर नहीं बल्कि ग्लोबल 'टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर' बन चुका है, जहां युवा ग्रीन हाइड्रोजन और डिफेंस जैसे क्षेत्रों में पूरी दुनिया के लिए इनोवेट कर रहे हैं. उन्होंने वैश्विक विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप्स को को-डेवलपमेंट, जॉइंट रिसर्च और शेयर्ड मैन्युफैक्चरिंग के लिए भारत आने का खुला आमंत्रण दिया. उधर, व्हाइट हाउस ने पीएम मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच संभावित मुलाकात की पुष्टि कर दी है. भारत इनोवेट्स प्रोग्राम पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, 'अब सवाल यह नहीं है कि भारत नवाचार करता है या नहीं, बल्कि यह है कि भारत के साथ कौन नवाचार करेगा.' उनके इस बयान को भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और ग्लोबल इनोवेशन में उसकी मजबूत भूमिका के रूप में देखा जा रहा है.

## FIFA World Cup 2026: मोरक्को ने छुड़ाए ब्राजील के पसीने, हारते-हारते बची पांच बार की चैम्पियन टीम



मोरक्को ने बता दिया है कि वो सिर्फ भाग लेने नहीं, बल्कि इतिहास रचने के इरादे से फीफा विश्व कप में उतरा है. वहीं ब्राजील को भी समझ आ गया होगा कि इस बार भी खिताब की राह बिल्कुल आसान नहीं होने वाली. मोरक्को ने भले ही मैच नहीं जीता, लेकिन उसने दिखा दिया कि वह किसी भी दिग्गज टीम को चुनौती देने का दम रखता है. वहीं ब्राजील के लिए यह ड्रॉ किसी चेतावनी से कम नहीं है. फीफा विश्व कप 2026 में ब्राजील की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही. पांच बार की विश्व चैम्पियन टीम को अपने पहले ही मुकाबले में मोरक्को के खिलाफ कड़ी परीक्षा से गुजरना पड़ा. 14 जून (रविवार) को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए ग्रुप-सी के मुकाबले में मोरक्को ने ब्राजील को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया. अगर अंतिम क्षणों में गोलकीपर एलिसन बेकर ने शानदार बचाव नहीं किया होता, तो ब्राजील को हार का सामना भी करना पड़ सकता था. इस हाईवोल्टेज मुकाबले में मोरक्को ने शुरुआत से ही ब्राजील पर दबाव बनाए रखा. चार साल पहले विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली अफ्रीकी टीम ने दिखा दिया कि वह इस बार भी किसी बड़े उलटफेर को अंजाम देने की क्षमता रखती है. मैच के शुरुआती 20 मिनटों में ब्राजील अपनी लय तलाशता नजर आया, जबकि मोरक्को लगातार आक्रामक फुटबॉल खेल रहा था.

## शुभमन गिल ने धर्मशाला में रचा इतिहास, तोड़ डाला विराट कोहली का सालों पुराना महा-रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय!



भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ धर्मशाला वनडे में इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपनी 62वीं पारी में 3,000 वनडे रन पूरे कर विराट कोहली का 14 साल पुराना भारतीय रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार, 13 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मुकाबले में एक ऐसा ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर दिया है, जिसे आज तक कोई भी भारतीय मेंस क्रिकेटर नहीं छू सका था। शुभमन गिल वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज 3,000 रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह अद्भुत मुकाम धर्मशाला के मैदान पर अपनी 62वीं पारी में हासिल किया। वर्ल्ड क्रिकेट की बात करें तो गिल अब दुनिया में दूसरे सबसे तेज 3,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, उनसे आगे सिर्फ साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज हाशिम अमला हैं। इस ऐतिहासिक आंकड़े को छूते ही शुभमन गिल ने अपने आदर्श और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का सालों पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। विराट कोहली ने 14 फरवरी 2012 को श्रीलंका के खिलाफ अपनी 75वीं वनडे पारी में 3,000 रन पूरे किए थे।

## रेखा को बिना इजाजत Kiss करना गलत', विवादित सीन पर दिग्गज एक्टर की बेटी ने सालों बाद तोड़ी चुप्पी




रेखा और बिस्वजीत चटर्जी के विवादित किसिंग सीन पर अब उनकी बेटी पल्लवी चटर्जी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि उनके पिता को रेखा की सहमति लेनी चाहिए थी. जानिए दशकों पुराने विवाद पर पल्लवी ने क्या-क्या खुलासे किए. बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस रेखा और वेटरन एक्टर बिस्वजीत चटर्जी से जुड़ा दशकों पुराना किसिंग विवाद एक बार फिर चर्चा में है. इस बार इस मामले पर बिस्वजीत की बेटी और एक्ट्रेस पल्लवी चटर्जी ने खुलकर अपनी राय रखी है.

पल्लवी ने साफ कहा कि अगर उस वक्त रेखा को बिना बताए ऐसा सीन शूट किया गया था, तो ये किसी भी युवा लड़की के लिए बेहद परेशान करने वाला और सदमे जैसा अनुभव रहा होगा. उन्होंने ये भी माना कि उनके पिता को या तो वो सीन करने से इनकार कर देना चाहिए था या फिर पहले रेखा की सहमति लेनी चाहिए थी.


AKHAND BHARAT SENA
ABS
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
युवा संकल्प
विकसित भारत
2047 का निर्माण
2047 तक भारत को एक विकसित, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विश्व नेतृत्वकर्ता राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य है।
यह संकल्प तभी साकार होगा जब युवा जागेगा, बढ़ेगा और देश के लिए जिएगा।
शिक्षित बनें, कुशल बनें, नवाचार करें
नए विचार लाएं, नए भारत का निर्माण करें
समाज सेवा को जीवन का हिस्सा बनाएं
स्वदेशी अपनाएं, आत्मनिर्भर भारत बनाएं
राष्ट्र पहले, स्वार्थ बाद में – यही सच्चा राष्ट्रधर्म है
हमारा संकल्प – विकसित भारत 2047
हमारा लक्ष्य – विश्वगुरु भारत
सुश्री सुषमा जी
संस्थापक एवं अध्यक्ष
अखंड भारत सेना
एकजुट युवा – सशक्त भारत – विकसित भारत


HEALING ENERGY
WITH Sushma
अपनी सारी
परेशानियों को खत्म करें
मात्र व्हाट्सएप पर DOB डालने से
Heal
Balance
Transform
WHATSAPP NOW
8287523965
Heal Within

## एलजी संधू के निर्देशों के बाद दिल्ली पुलिस की बड़ी पहल, शिकायतों के निपटारे के लिए खुद थाने में बैठेंगे पुलिस के बड़े अफसर



दिल्ली के उप-राज्यपाल (L-G) के निर्देश पर हर शनिवार थानों में "थाना दिवस-जन सुनवाई" आयोजित होगी, जहाँ सीनियर अफसर मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याओं का ऑन-स्पॉट समाधान करेंगे। राजधानी दिल्ली में नागरिकों के लिए अपनी शिकायतों का समाधान पाना अब और भी आसान और त्वरित होने जा रहा है। एलजी तरनजीत संधू के निर्देशों का पालन करते हुए दिल्ली पुलिस ने दिल्ली के सभी पुलिस स्टेशनों में "थाना दिवस-जन सुनवाई" शुरू करने की घोषणा की है। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार यह पहल अगले हफ्ते से हर शनिवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसका मकसद नागरिकों को अपनी शिकायतें दूर करने, सुझाव देने, मदद मांगने और पुलिस कामकाज व जन-सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर बात करने के लिए एक खुला मंच देना है। विज्ञप्ति में आगे कहा गया कि जवाबदेही तय करने और शिकायतों का तेजी से समाधान करने के लिए स्पेशल CP, जॉइंट CP, एडिशनल CP, DCP और ACP रैंक के सीनियर अधिकारी बारी-बारी से जन सुनवाई में जरूर शामिल होंगे











